**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 4296**
**दिनांक 20 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**पीत ज्वर के टीके**

**†4296. श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि 29 अफ्रीकी देशों के साथ-साथ मध्य और दक्षिण अमेरिका के 13 देशों, जिनकी स्थानिकमारी वाले राष्ट्रों के रूप में पहचान की गई है, की यात्रा करने वाले लोगों के लिए केंद्रीय रूप से और देश के 45 केन्द्रों में पीत ज्वर के टीके की आपूर्ति की कमी है और ऐसे लोगों को असमंजस की स्थिति में छोड़ दिया गया है;
(ख) यदि हां, तो यात्रियों की तत्काल आवश्यकता को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं/किए जाने का विचार है; और
(ग) क्या सरकार पीत ज्वर के टीकों का विदेशों में निर्यात कर रही है और घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पीत ज्वर के टीकों की आपूर्ति बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उपाय किए गए हैं?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) और (ख): देश भर में 60 प्राधिकृत पीत ज्वर टीकाकरण केन्द्र (वाईएफवीसी) हैं। देश भर में अधिकृत वाईएफवीसी की सूची https://ihpoe.mohfw.gov.in/vaccination_centres.php पर उपलब्ध है। आज की स्थिति के अनुसार, वैक्सीन की कमी संबंधी कोई सूचना नहीं है।

(ग): भारत विदेशों को पीत ज्वर के टीके का निर्यात नहीं कर रहा है और वर्तमान में पीत ज्वर के टीकों की घरेलू आवश्यकता को आयात के जरिए पूरा किया जा रहा है!

******